<u>संदेश</u>

रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला उल्लास और नवधान्य का यह त्योहार हमें प्रेम, करूणा, मानवता और त्याग के मार्ग पर चलते हुए निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है। भगवान राम का जीवन मर्यादा और त्याग का सर्वोत्तम उदाहरण है जो हमें मर्यादित और अनुशासित जीवन जीना सिखाता है।

आइए, हम मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के उच्च आदर्शों को मन, वचन और कर्म से अपने आचरण में अपनाए और एक गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करें।

****